मंगलवार

16 जनवरी 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




हत्या के प्रतिशोध में बुजुर्ग किसान की पीट-पीटकर हत्या, तीन गिरफ्तार

2



## चिराग बोले- हाजीपुर सीट से एलजेपी (रा) ही लड़ेगी चुनाव

**केटी न्यूज/पटना**



लोजपा (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने चाचा पशुपति पारस की टेंशन इस बात का ऐलान करके बढ़ा दी है। कि हाजीपुर लोकसभा सीट पर उनकी पार्टी का ही उम्मीदवार चुनाव लड़ेगा। चिराग ने हाजीपुर सीट को अपनी पार्टी की परंपरागच सीट बताया। और कहा कि लोजपा के संस्थापक और उनके पिता ने इस क्षेत्र को अपने खून-पसीने से सींचा है। ऐसे में किसी और का इस सीट पर अधिकार नहीं हो सकता। हाजीपुर सीट पर जारी चाचा-भतीजे की जंग थमने का नाम नहीं ले रही है।

ये पहला मौका नहीं है, जब चिराग पासवान ने हाजीपुर सीट दावा ठोंका हो। लेकिन इस बार सिर्फ दावेदारी नहीं की। बल्कि ऐलान कर दिया है कि हाजीपुर सीट से उनकी ही पार्टी का उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरेगा। वहीं दूसरी तरफ चिराग के चाचा और रालोजपा प्रमुख सह केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस भी इसी सीट पर अड़े हुए हैं। कुछ दिन पहले दिए गए अपने बयान में जीत दावा करते हुए उन्होंने कहा था कि हाजीपुर सीट से वो 2024 का लोकसभा चुनाव बिहार में सबसे अधिक वोटों से जीतेंगे।

## जेल में बंद हत्या का विचाराधीन कैदी दीवार फांदकर फरार

**पटना।** बिहारशरीफ जेल में बंद हत्या का विचाराधीन कैदी मंगलवार को चहारदीवारी से कूदकर फरार हो गया। जेल प्रशासन ने दीपनगर थाना में एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस मकहमे में हड़कंप मच गया है। रहुई थाना की पुलिस ने एक युवक की गला रेत हत्या के मामले में रणविजय को गिरफ्तार किया था। सूचना मिलने के बाद डीएम शशांक शुभंकर, एसपी अशोक मिश्रा समेत अन्य अधिकारी जेल पहुंचकर घटना की जांच में जुट गए। वहीं, दीपनगर थाना के प्रभारी सुनील जयसवाल ने बताया कि कैदी चहारदीवारी से कूदकर भाग निकला है। इस मामले में एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि छापेमारी की जा रही है जल्द कैदी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 94.33 लाख गरीब परिवार को दो-दो लाख रु. देगी नीतीश सरकार

- नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 18 प्रस्ताव पास
- बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 62 उद्योगों के लिए दी जाएगी राशि
- सड़क दुर्घटना में मौत पर अब पांच लाख रूपए की राशि मिलेगी

**केटी न्यूज/पटना**



नीतीश कुमार की सरकार ने जातीय आधारित गणना के तहत हर निर्धन परिवार को दो लाख रुपए देने की योजना पर मुहर लगा दी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। बैठक में कुल 18 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किये गए। बिहार के 94 लाख 33 हजार 312 परिवार को योजना की राशि दी जाएगी। यह राशि तीन किश्तों में दी जायेगी। बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 62 उद्योगों के लिये भी राशि दी जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना का विस्तार किया गया। विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोग विभिन्न बैंकिंग सेवा भारती बोर्ड विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं के लिए 9 करोड़ 79 लाख 50 हजार वार्षिक व्यय की स्वीकृति की गई है। इसके साथ ही नगर परिषद मोकामा क्षेत्र से जल निकासी के लिये 40 करोड़ 56 लाख15 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है।

कैबिनेट विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मौत पर मृतकों के परिजन को मिलने वाली राशि में इजाफा किया गया है। सड़क दुर्घटना में मौत पर अब पांच लाख रूपए की राशि मिलेगी। सीएम प्रोत्साहन राशि में भी इजाफा किया गया है। वहीं सीएम चिकित्सा सहायता योजन में गुर्दा इलाज के लिए 2.5 लाख रुपए मिलेगा। मोकामा नगर परिषद में जल निकासी योजना की स्वीकृति दी गई है। मोकामा नगर परिषद क्षेत्र में 40 करोड़ 56 लाख रुपए का ड्रेनेज सिस्टम की स्वीकृति दी गई है। ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण बुडको के हाथो में दी गई है। दिल्ली का बिहार निवास नए सिरे से बनाया जाएगा। बिहार निवास पर कुल 121 करोड़ 83 लाख रुपए खर्च की जाएगी। गया के दाऊद नगर में कुल 25 एकड़ 89 डिसमिल जमीन पर सोलर प्लांट निर्माण किया जाएगा।

### नीतीश सरकार ने चिकित्सीय अनुदान को दी स्वीकृति

नीतीश सरकार की कैबिनेट ने चिकित्सीय अनुदान की स्वीकृति दी है। प्रथम वर्ष के लिए 6-6 महीने पर दो किस्तों में इस राशि का भुगतान होगा। दुर्गावती जलाशय परियोजना का पंचम पुनरीक्षित राशि 1263 करोड़ 30 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। एनएच प्रमंडल मोतिहारी के तत्कालीन सहायक अभियंता मोहम्मद गजनफर को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है। सरकार के स्वामित्व वाले बीमा रहित मोटर वाहनों से हुई दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को 5 लाख तथा गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। 19 अगस्त 2020 को कैबिनेट में स्वीकृत बिहार कास्त आधारित उद्योग अध्यादेश 2020 के प्रस्ताव को वापस लिया गया है।

### दीवार पर कमल का फूल बनाकर मुख्यमंत्री ने लिखे स्लोगन

# फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार : योगी

- लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रदेश में होंगी तीन बड़ी रैलियां
- मतदाताओं से संवाद और बूथ प्रबंधन की मजबूती से मिलेगी सफलता

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कार्यकर्ता में खूब जोश का संचार किया। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शुरू दीवार लेखन अभियान के तहत उन्होंने मंगलवार को जटाशंकर स्थित श्री विश्वकर्मा भगवान पंचायत मंदिर की दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया। इसके नीचे स्लोगन लिखे, फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार। भाजपा महानगर इकाई की ओर से आयोजित दीवार लेखन अभियान में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस अभियान को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं से संवाद के कार्यक्रम होने हैं। चुनाव से पूर्व प्रदेश में तीन बड़ी रैलियां होनी है। इन आगामी कार्यक्रमों की दिशा में दीवार लेखन अभियान बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, सभी पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों को इसमें पूरी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। जहां भी स्पेस दिखे वहां कमल का फूल बनाकर दोनों स्लोगन (फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार लक्ष्य चार सौ पार) लिखे जाने चाहिए। किसी की निजी संपत्ति पर लिखने से पूर्व उसकी अनुमति जरूर ले ली जाए। प्रयास हो कि कोई भी स्पेस स्लोगन से खाली न रहे। मुख्यमंत्री ने चुनाव में सफलता के लिए मतदाताओं से बूथ प्रबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद जितना बेहतरीन होगा, हमारे प्रत्याशी उतने ही भारी मतों से विजयश्री प्राप्त करेंगे।




### लखनऊ में आयोजित कॉन्क्लेव में बोले योगी- अयोध्या केवल जनआस्था का केंद्र नहीं बल्कि लाखों लोगों के रोजगार का माध्यम बन रहा है

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 30 दिसंबर के बाद से अलग-अलग डेस्टिनेशन के लिए अयोध्या की कनेक्टिविटी बढ़ती जा रही है। 17 जनवरी को अयोध्या से हम एक नई वायु सेवा प्रारंभ करने जा रहे हैं। यानी अयोध्या अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 821 एकड़ लैंड एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को उपलब्ध करा चुकी है। इसके दृष्टिगत हम सारी औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं। आज अयोध्या केवल जनआस्था का केंद्र नहीं बल्कि लाखों लोगों के रोजगार का माध्यम बन रहा है। अब अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं चलती हैं बल्कि दीपोत्सव होता है। आज की अयोध्या कर्फ्यू के दौर से नहीं गुजर रही है बल्कि राम नाम के संकीर्तन की गूंज से गूंजायमान हो रही है।

सीएम योगी ने मंगलवार को एक मीडिया संस्थान द्वारा होटल हयात में 'डिवाइन अयोध्या' विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या में होमस्टे शुरू करने के लिए अब तक 1000 लोगों ने आवेदन किया है। होमस्टे के कार्यक्रम के साथ लोगों के जुड़ने से एक तरफ जहां अतिथि देवो भवः का भाव व्यक्त होगा। वहीं दूसरी तरफ यह लोगों की आजीविका का माध्यम ही बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि नव्य अयोध्या में लोगों की श्रद्धा और विश्वास का भी सम्मान होगा। पर्यटकों को भी उनकी रुचि के अनुरूप वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिलेगा। साथ ही उन्हें वहां की पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा को देखने समझने और जानने का अवसर भी प्राप्त होगा।

सीएम योगी ने कहा कि नई अयोध्या में नाविक, टैक्सी चालक, ई-रिक्शा चालक समेत हर तबके के व्यक्ति के लिए असीम संभावनाएं होंगी। अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाने की दिशा में हमारी सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी है। 200 इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या सिटी के लिए उपलब्ध करवाई है। आने वाले समय में हम इसको 500 तक बढ़ाएंगे। अयोध्या के लिए और भी अनेक कार्यक्रमों को लेकर सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। इसमें अयोध्या शोध संस्थान महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या कुछ हजारों में थी। गत वर्ष रामनवमी के अवसर पर 35 लाख से अधिक श्रद्धालु एक दिन में अयोध्या आए थे। उन्होंने कहा कि ने कहा कि अब अयोध्या अपने नाम के अनुरूप देखने को मिलेगी।

## मुस्लिम लड़की से शादी के तीन माह बाद पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**पटना।** वैशाली में एक युवक का पेड़ से लटका शव मिला है। मृतक युवक ने 3 माह पहले गांव की ही मुस्लिम लड़की (21) से दिल्ली में शादी की थी। 10 दिनों पहले दोनों गांव वापस लौटे थे। कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद युवती को वापस अपने घर भेज दिया गया था। घटना जिले के पातेपुर की है। सोमवार की सुबह गांव के बगीचे में युवक का पेड़ से लटका शव मिला है। युवक के परिजनों ने लड़की के परिवारवालों पर हत्या का आरोप लगाया है। युवक की हत्या से गुस्साए लोगों ने पातेपुर के बहुआरा बाजार को जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिले के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। फिलहाल, पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही लड़की के परिजनों की तलाश कर रही है। महुआ एसडीपीओ सौरभ सुमन ने कहा है कि पीड़ित पक्ष के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

मृतक युवक मालपुर गांव के सत्य नारायण चौधरी के बेटा संतोष कुमार (24) है। वह अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता सत्य नारायण चौधरी गांव में ही मजदूरी करते हैं। युवक का गांव के ही मोहम्मद शौकत अली की बेटी मुसर्रत खातून से पिछले 3 सालों से अफेयर चल रहा था। संतोष दिल्ली की कंपनी में काम करता था। इस वजह से दोनों नहीं मिल पाते थे। तीन महीने पहले मुसर्रत खातून घर से भागकर लड़के के पास दिल्ली चली गई और दोनों ने वहीं शादी कर ली। इधर, लड़की के घरवालों ने लड़के और उसके परिवार पर अपहरण का मामला दर्ज करवाया। इससे पहले पुलिस ने लड़की को उसके घरवालों को सौंप दिया था।

# 68वीं बीपीएससी टॉपर बनीं प्रियांगी मेहता

- अनुभव कुमार बने सेकेंड टॉपर, प्रेरणा सिंह को मिला तीसरा स्थान

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार लोक सेवा आयोग ने 68वीं बीपीएससी का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। 324 वैकेंसी के विरुद्ध 322 उम्मीदवार इस परीक्षा में हुए सफल हुए हैं। 867 उम्मीदवार इंटरव्यू में शामिल हुए थे। जिसमें 50 उम्मीदवार इंटरव्यू में अनुपस्थित पाए गए थे। इसके अलावा पांच अभ्यर्थियों का रिजल्ट कैंसिल किया गया था। प्रियांगी मेहता ने 68वीं बीपीएससी में परीक्षा में पहला रैंक हासिल किया है। सेकेंड टॉपर अनुभव और प्रेरणा सिंह को तीसरा स्थान मिला है। रिजल्ट को वेबसाइट पर भी जारी कर दिया गया है।

प्रियांगी मेहता को उनके चॉइस के अनुरूप रेवेन्यू ऑफिसर का पद मिला है। वहीं अनुभव कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सब रजिस्टार का पद प्राप्त किया है, जबकि प्रेरणा सिंह तीसरे स्थान को प्राप्त कर डीएसपी बनी हैं। बिहार लोक सेवा आयोग ने जानकारी दी है कि इस परीक्षा में इंटरव्यू राउंड में कुल 817 उम्मीदवार शामिल हुए और 50 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। इंटरव्यू में शामिल होने वाले पांच उम्मीदवारों की मुख्य परीक्षा का परीक्षा फल रद्द किया गया. इसके बाद 322 सफल उम्मीदवारों की मेधा सूची जारी कर दी गई है।

**डीएसपी के पद पर आठ उम्मीदवार सफलः** आयोग ने बताया है कि यह 322 सफल उम्मीदवार 22 श्रेणी के पदों पर चयनित किए गए हैं। डीएसपी के पद पर आठ उम्मीदवार सफल हुए हैं, वहीं जिला कमांडेंट के पद पर एक उम्मीदवार सफल हुए हैं, प्रोबेशन ऑफीसर के पद पर 1 उम्मीदवार सफल हुए हैं। सुगरकेन ऑफिसर के पद पर 2 उम्मीदवार सफल हुए हैं। जेल सुपरिंटेंडेंट के पद पर दो उम्मीदवार सफल हुए हैं और लेबर सुपरिंटेंडेंट के पद पर एक उम्मीदवार सफल हुए हैं।

**इन पदों पर इतने सफल अभ्यर्थीः** वहीं असिस्टेंट डिजास्टर मैनेजमेंट ऑफिसर के पद पर 43 उम्मीदवार सफल हुए हैं। लेबर एनफोर्समेंट ऑफिसर के पद पर 34 उम्मीदवार सफल हुए हैं। इसके अलावा ब्लॉक पंचायत राज ऑफिसर के पद पर 39 उम्मीदवार सफल हुए हैं। रेवेन्यू ऑफिसर के पद पर 39 उम्मीदवार सफल हुए हैं। ब्लॉक एससी-एसटी वेलफेयर ऑफिसर के पद पर 59 उम्मीदवार सफल हुए हैं।






### हजारों करोड़ की परियोजनाओं को धरातल पर उतारकर सीएम योगी ने किया अयोध्या का कायाकल्प

# भव्य मंदिर के साथ नव्य अयोध्या के भी दर्शन कराएगी रामनगरी

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**

भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। साथ ही अयोध्या भी सजकर तैयार हो रही है। जिन लोगों ने कई वर्ष पूर्व अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए होंगे वो जब नव्य दिव्य मंदिर में भगवान के नए विग्रह के दर्शन करने को आएंगे तो नव्य अयोध्या को देखकर विस्मित हो जाएंगे। सुंदर प्रवेश द्वार, रोड पर चमचमाते सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग, साफ सुथरी और चौड़ी सड़कें, स्वच्छ और निर्मल सरयू, सुंदर तट, राम की पैड़ी की अलौकिक आभा, एक ही पैटर्न पर बनाई गई दुकानें नई अयोध्या के दर्शन कराएगी। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में सीएम योगी ने विगत कुछ वर्षों में अयोध्या का कायाकल्प कर दिया है। हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं को यहां धरातल पर उतारा गया है, जिसके बाद यह नगरी श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार है।



**साफ सुथरी सड़कें कर रहीं स्वागतः** अयोध्या नगरी में घुसते ही साफ सुथरी पक्की सड़क श्रद्धालुओं का स्वागत कर रही है। सड़क के बीच में लगे सूर्य स्तंभ, रात के अंधेरे में रामनगरी की सुंदरता को दुगुना बढ़ा रहे हैं। प्रवेश द्वार देखकर ही इस बात का एहसास हो जाता है की आप किसी दिव्य नगरी में प्रवेश कर रहे हैं। पूरे रास्ते आपको दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी अदभुत वॉल पेंटिंग देखने को मिलेगी जो आपको श्रद्धा से सराबोर कर देगी।

**स्वच्छ और निर्मल हुई सरयूः** पिछली सरकारों में सरयू नदी की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं रही है, लेकिन सीएम योगी ने सत्ता में आने के बाद सरयू नदी और यहां के घाटों का कायाकल्प कर दिया है। करोड़ों रुपए खर्च कर योगी सरकार ने यहां नदी की स्वच्छता के साथ ही साफ सुथरे घाटों का निर्माण करवाया है। ऐसी व्यवस्था की जा रही है की 12 महीने सरयू का जल घाटों पर बना रहे। इसके लिए एक्सपर्ट की टीम लगी हुई है। नदी की स्वच्छता और निर्मलता इतनी है कि किसी भी घाट पर स्नान किया जा सकता है। प्रतिदिन होने वाली सरयू आरती ने घाटों की पवित्रता को भी सुनिश्चित करने का काम किया है। अब सरकार इस पर क्रूज और बोट भी चलाने जा रही है जो श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी अलौकिक बना देगा।

**लता चौक बना अयोध्या का केंद्र बिंदुः** सरयू घाट से राम लला के मंदिर जाने वाले चौराहे में बड़ी सी वीणा लगी हुई है। इसे लता मंगेशकर चौक या वीणा चौक भी कहा जाता है। अयोध्या के विकास के क्रम में डबल इंजन की सरकार ने इसकी स्थापना की है। आजकल ये चौक अयोध्या का केंद्र बिंदु बना हुआ है। यहां शासन और प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ नेशनल और इंटरनेशनल मीडिया का भारी जमावड़ा है। जाहिर है जहां मीडिया है, वहां लोगों की भीड़ होगी ही। सैंकड़ों यूट्यूबर, रील्स मेकर यहां अपने कैमरों के साथ शूट करते दिख जाएंगे। विशिष्ट अतिथियों के साथ ही आम लोग भी यहां वीणा के साथ सेल्फी लेने के लिए आतुर दिखाई देंगे। इसके अलावा इस समय यहां विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। जैसे ललित कला विभाग के छात्र यहां से लेकर राम मंदिर तक सड़क पर रंगोली बना रहे।

# फोरलेन के गैप से अंडर पास में गिरा कंटेनर, बाल-बाल बचे चालक-खलासी

**केटी न्यूज/आरा**







आरा-बक्सर फोरलेन पर नगर थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही मोड़ के समीप मंगलवार तड़के बालू लदा एक कंटेनर अंडर पास में गिर पड़ा। फोरलेन पर बनी रेलिंग को तोड़ते हुए कंटेनर गैप से नीचे जा गिर। उसमें कंटेनर के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि हादसे में चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। वहीं,संयोग अच्छा था कि उस समय अंडर पास में कोई गाड़ी नहीं गुजर रही थी। वरना बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। घटना का कारण अत्यधिक कोहरा और तेज रफ्तार के बीच कंटेनर का आगे का टायर फटना बताया जा रहा है। उसे लेकर देर तक अफरातफरी मची रही। आवागमन भी बाधित रहा। सूचना मिलने पर ट्रैफिक थाना इंचार्ज प्रदीप कुमार सरकार और नगर थाने की अपने पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उसके बाद बालू को हटाया गया। क्रेन के जरिए पलटे कंटेनर को निकलाने का प्रयास भी किया जा रहा था। यूपी के मिजार्पुर निवासी चालक राजेश ने बताया कि वह मंगलवार तड़के चांदी घाट से कंटेनर पर बालू लोड कर गाजीपुर जा रहा था। फोरलेन पर बड़की सिंगही मोड़ स्थित ओवर ब्रिज पहुंचा। तब कंटेनर के अगले टायर से आवाज आयी। उसके बाद कंटेनर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और रेलिंग को तोड़ गैप से अंडर पास में गिर पड़ा।

## एक नजर

### जहानाबाद में शिक्षक का बेटा बना अधिकारी



**जहानाबाद।** बीपीएसी का रिजल्ट जारी हो चुका है जिसमें जिले के निजामुद्दीनपुर मोहल्ले के रहने वाले रंजीत कुमार शिक्षक का पुत्र अनुभव कुमार बीपीएसी परीक्षा में बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा पास करने की सूचना जैसे ही परिवार और संबंधियों को लगी लोग बधाई देने पहुंच रहे है दरअसल अनुभव की शिक्षा दीक्षा शुरू से ही जहानाबाद डीएवी पब्लिक स्कूल स्कूल से प्राप्त हुआ यू केजी से लेकर 12वीं तक जहानाबाद में रहकर शिक्षा प्राप्त किया उसके बाद आईआईटी की परीक्षा में पास कर व सिविल इंजीनियर बन गया, लेकिन अफसर बनने की तमन्ना उसके जेहन में बरकरार रहा और तैयारियों के जुटे रहे। यूपीएससी की तैयारी करने के लिए अनुभव दिल्ली चला गया और दिल्ली में ही रहकर यूपीएससी की तैयारी करने लगा अनुभव ने बताया कि यूपीएससी की तैयारी कर ही रहे थे तभी बीपीएसी की परीक्षा देने की बात मेरे मन में आ गई, और मैं बीपीएसी के परीक्षा में बैठा और प्रथम बार में ही परीक्षा पास कर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब हो कि बेहद साधारण परिवार से आने वाले अनुभव के पिताजी जिले के काको मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं और उनकी माता माधुरी देवी गृहणी हैं। मूलतःअनुभव अरवल जिले के अइरा गांव का निवासी हैं लेकिन बचपन से ही अनुभव जहानाबाद में रहकर शिक्षा दीक्षा प्राप्त किया।

### लवकुश रथ यात्रा का लोगों ने किया स्वागत



**जहानाबाद।** लवकुश यात्रा मंगलवार को जिले में पहुंचा भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया भाजपा के प्रवक्ता नरेश प्रसाद ने बताया कि 2 जनवरी से पटना कार्यालय से यह रथ रवाना हुआ है जो विभिन्न जिले का भ्रमण करते हुए 22 तारीख को अयोध्या रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचेगी उन्होंने कहा कि इस रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि 22 तारीख को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। इसमें अधिक से अधिक लोग शामिल होने के आग्रह करते हैं उन्होंने कहा कि सभी लोगों से आग्रह करते हैं कि 22 तारीख को अपने घर में दीप जलाकर दीपावली मनाएं एवं राम जी का भजन करें उन्होंने कहा कि हमारे भगवान रामचंद्र जी 500 वर्षों के बाद अपने स्थान पर आ रहे हैं। इसलिए रथ से अयोध्या पहुंचकर भाजपा नेताओं को धन्यवाद ज्ञापन करेंगे जब उनसे पूछा गया कि शंकराचार्य प्राण प्रतिष्ठा का विरोध कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि जो सनातन का विरोधी है वह प्राण प्रतिष्ठा में रुकावट डालना चाहता है। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टी के लोग इस कार्यक्रम का विरोध कर रहे हैं और उन्हीं के द्वारा कुछ साधु संतों से विरोध दर्ज कर रहे हैं। लेकिन जनता उनकी बातों को समझ रही है उनके बहकावे में किसी तरह की आने वाले नहीं है और सभी लोग 22 तारीख को अपने घर में दीपक जलाकर दीपावली मनाएंगे उन्होंने कहा कि अगर बिहार में भाजपा की सरकार रहती तो आज बिहार का यह दुर्गति नहीं होता और बिहार में कई विकास होते लेकिन डबल इंजन की सरकार रहने के कारण बिहार में विकास नहीं हो रहा है। नरेंद्र मोदी सनातन धर्म की रक्षा कर रहे हैं और लव कुश परिवार सभी समय सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए आगे खड़ा रहा है।

## खबरें फटाफट

### बेहतर समन्वय से होगा प्रखंड का विकास: बीडीओ

**औरंगाबाद ।** अंबा प्रखंड के आला अधिकारियों ने क्षेत्र के समग्र विकास का मापदंड तैयार करने के लिए मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बैठक की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के विकास हेतु अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजन किया गया है। बैठक में उन्होंने हर विभाग से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की और अधिकारियों को आश्वासन दिया कि समस्याओं के निष्पादन के लिए प्रशासनिक स्तर पर हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों का निर्देश दिया कि आम लोगों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए कार्य का निर्वहन करें। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रशिक्षु अंचल अधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, अभय कुमार, सीडीपीओ श्वेता कुमारी, एमओ अजीत कुमार सिंह, मनरेगा पीओ अवधेश कुमार अनिल, सांख्यिकी पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन, रेफरल अस्पताल कुटुंबा चिकित्सा पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंहा आदि पदाधिकारी उपस्थित थें।

### हाई स्कूल की मांग को लेकर भाकपा-माले ने किया प्रदर्शन

**जहानाबाद।** हाई स्कूल बनाने की मांग को लेकर भाकपा-माले बैनर तले मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। सभी ने दमुहा पंचायत के दमुहा गांव में हाई स्कूल बनाने की मांग की। इसको लेकर कई बार अपने गांव में मिडिल स्कूल बंद कर कर विरोध प्रदर्शन भी कर चुके हैं। उन लोगों का कहना है कि हम लोगों के गांव में हाई स्कूल नहीं बना कर दूसरे गांव में हाई स्कूल बनाया जा रहा है। इसी को लेकर स्टेशन परिसर से चलकर डीएम कार्यालय तक प्रदर्शन किया। उन लोगों का कहना है कि हम लोग डीएम कार्यालय के समीप धरना देकर एवं विरोध प्रदर्शन कर हाई स्कूल बनाने की मांग करेंगे। अगर मांग पूरी नहीं होगी तो हम लोग विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## गुरुवार को किसान के साथ की गयी थी मारपीट, मंगलवार की शाम तोड़ा दम

# हत्या के प्रतिशोध में बुजुर्ग किसान की पीट-पीटकर हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

- किसान के बेटे के बयान पर सात लोगों के खिलाफ दर्ज करायी गयी हत्या की प्राथमिकी
- पिछ्ले साल अगस्त माह में पट्टीदार की हत्या में जेल गए थे किसान, जमानत पर आये थे बाहर



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के कारनामेपुर ओपी क्षेत्र के कारनामेपुर गांव में पूर्व के विवाद में एक बुजुर्ग किसान की पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। उन्होंने इलाज के दौरान मंगलवार की शाम दम तोड़ दिया। मृतक कारनामेपुर गांव निवासी 76 वर्षीय पुत्र रामनाथ यादव थे। वह पट्टीदार की हत्या में आरोपित थे और पिछले साल अगस्त में जेल भी गए थे। उसी समय से दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। उसी प्रतिशोध में किसान की हत्या की चर्चा है। हत्या का आरोप उनके पट्टीदारों पर लगा है। उसे लेकर किसान के पुत्र मोहन यादव की ओर से सात पट्टीदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया है। उनमें करनामेपुर गांव निवासी हरेंद्र यादव, रामजी यादव और महेश यादव शामिल हैं। जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि रामनाथ यादव अपने पुत्र मोहन यादव के साथ 11 जनवरी की सुबह आंगन घेरने के लिए गांव पहुंचे थे। वह कुछ लोगों को बुलाकर अपना आंगन घेरवा रहे थे। तभी पट्टीदार रामजी यादव, हरेंद्र यादव, शत्रुघ्न यादव, महेश यादव, शारदा देवी, सोनी देवी और सरिता देवी द्वारा जबरन काम रुकवा दिया गया। उसके बाद मोहन यादव अपने पिता रामनाथ यादव के साथ थाने में जा रहे। तब आरोपितों द्वारा रामनाथ यादव की पिटाई कर दी गयी। उनका इलाज कराया जा रहा था। इलाज के दौरान मंगलवार की शाम उनकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर आरोपितों की गिरफ्तारी को एक टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गयी। टीम की ओर से तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में ओपी इंचार्ज मनीष कुमार, एएसआई मुनेश्वर दास और धनश्याम ठाकुर सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

**पूर्व से ही चल रहा दोनों पक्षों के बीच विवादः** करनामेपुर गांव निवासी मोहन यादव और उनके पट्टीदार रामजी यादव के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा है। उसे लेकर दोनों के बीच पूर्व में भी हिंसक झड़प हो चुकी है। उसमें पहले भी दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। उस विवाद में हत्या की यह दूसरी घटना है। बताया जा रहा है कि 28 अगस्त 2022 को रामनाथ यादव और उनके पट्टीदार वीरेंद्र यादव के परिजनों में मारपीट हुई थी। उसमें वीरेंद्र यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उनकी दो दिन बाद 30 अगस्त को पटना पीएचसी में मौत हो गयी थी। उसे लेकर वीरेंद्र यादव के बेटे शत्रुघन यादव द्वारा स्थानीय थाना में रामनाथ यादव, उनके दो बेटे व बहू के खिलाफ नामजत प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। उसके बाद पुलिस ने रामनाथ यादव सहित सभी को गिरफ्तार जेल भेज दिया था।

### औरंगाबादः दहेज प्रताड़ना में पति और सास को सजा

**औरंगाबाद।** विवाहिता से दहेज मांगने और प्रताड़ित करने मामले में दोषी करार पति और सास को सजा सुनाई गई है और जुमार्ना लगाया गया है। सजा प्राप्त अभियुक्त शहर के नागा बिगहा निवासी रितेश कुमार एवं आशादेवी है। सिविल कोर्ट के अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी योगेश कुमार मिश्र ने महिला थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए पीड़िता नेहा (काल्पनिक नाम) द्वारा दर्ज.प्राथमिकी के आधार पर पति और सास को सजा सुनाई गई। सहायक अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि अभियुक्त पति रितेश कुमार को मामले में तीन साल की सजा और पांच हजार जुर्माना लगाया गया है। वहीं सास आशादेवी को दो साल की सजा और पांच हजार जुर्माना लगाया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले में पीड़िता ने 27.04.22 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि उसकी शादी रितेश के साथ 24.11.16 को हुई थी। उसका एक लड़का और एक लड़की है। पति रांची में युनियन बैंक आफ इंडिया में मैनेजर पद पर कार्यरत हैं और हमेशा दहेज के लिए प्रताड़ित करता हैं। इस दौरान उसके पति ने उसके साथ मारपीट कर जेवर छीन कर घर से निकाल दिया था।

## हाइवा की टक्कर से दो की मौत, आठ की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



सोमवार की रात तेज रफ़्तार एक हाइवा ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मदनपुर के दो लोगों की मौत हो गयी है, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घटना रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा मोड़ की है। मृतक की पहचान मदनपुर मुख्य बाजार के ठाकुर रोड निवासी शिवकुमार शर्मा एवं मदनपुर प्रखंड के घोरहत गांव निवासी हरेंद्र तिवारी के रूप की गयी है। जबकि घायलों मे घोरहत निवासी रमाकांत तिवारी, नीरज तिवारी, शैलेश तिवारी, सुभाष तिवारी, बलम तिवारी और बिट्टू सिंह शामिल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग सोमवार की रात नवीनगर प्रखंड के दंगवार में लगने वाले मकर संक्रांति के मेला से फोटो खींचकर ऑटो से लौट रहे थे। जैसे ही अम्बा पार कर घेउरा मोड़ के पास पहुंचे कि पीछे से तेजी से आ रही एक हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें हरेंद्र तिवारी की घटनास्थल पर मौत हो गयी जबकि शिवकुमार साव की मौत सदर अस्पताल औरंगाबाद में हो गयी। घटना की सूचना रिसिअप थाना की पुलिस को दी गयी। सभी घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के उपरांत गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। वहीं इलाके मे शोक की लहर व्याप्त है।

## स्कूली बच्चों व अभिभावकों को गिनाया गया शिक्षा क्षेत्र में नीतीश सरकार के किए गए कार्य

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षा संवाद अंतर्गत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सलैया मदनपुर में अभिभावकों तथा बच्चों के साथ कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन औरंगाबाद रवि रौशन कुमार एवं प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक चंदन कुमार ने बिहार सरकार द्वारा स्कूली बच्चों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही छात्रा पूजा कुमारी ने मैट्रिक एवं इंटर पास करने के बाद छात्रों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए उपलब्ध योजनाओं तथा छात्र बिपिन कुमार ने कक्षा 1 से 12 वीं के बच्चों के लिए लाभुक योजनाओं के बारे में बताया। डीपीओ रवि रौशन कुमार ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा मैट्रिक एवं इंटर पास छात्र छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए कई तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं इसमें मुख्य रूप से कुशल युवा प्रोग्राम, आर एस ई टी आई , प्रधानमंत्री कौशल केंद्र, जन शिक्षा संस्थान, डोमेन स्किल सेंटर आदि में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम। इसके अलावा सरकारी नौकरी जैसे शिक्षक, पुलिस सेवा, बैंक, बीपीएससी, यूपीएससी आदि की कोचिंग का प्रावधान है।

## विधानपार्षद ने कर्पूरी ठाकुर आश्रम पर कब्जा करने का लगाया आरोप



**केटी न्यूज/आरा**

भाजपा नेता विधानपार्षद जीवन कुमार ने आरा में स्टेशन के समीप स्थित कपूर्री ठाकुर के नाम पर बने संस्थान पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को आरा सर्किट हाउस मे प्रेस वार्ता करते हुए विधानपार्षद जीवन कुमार ने कहा कि 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर जयंती को भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा पटना मिलर स्कूल मैदान मे भव्य समारोह किया जा रहा है। मैंने उक्त कार्यक्रम हेतु भोजपुर जिला मे कोईलवर से प्रचार रथ को रवाना किया, जो जिले भर घूमकर जनमानस को 24 जनवरी को पटना चलने का अपील किया जाएगा। उसी दौरान आरा स्टेशन के समीप स्थित जननायक कपूर्री आश्रम को देखने पहुंचा तो वहां ताला लटका हुआ मिला। पता करने पर मालूम चला कि वह आश्रम किसी पार्टी विशेष के कब्जे में है। प्रशासन से बात करने पर सटीक जवाब नही मिला। चाभी मांगने पर प्राप्त नही हुआ। वह आश्रम बिहार के सभी जनता के लिए है। कपूर्री ठाकुर सबके लिए हैं। उन पर किसी का एकाधिकार नही है। भाजपा हमेशा से महापुरुषों को सम्मान और जयंती मनाने का कार्य करती है। विधानपार्षद ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि 24 जनवरी के पहले आश्रम को मुक्त किया जाए, नही तो पार्टी आंदोलन करेगी।






# पीएम मोदी के आह्वान पर नगर परिषद ने मंदिरों में चलाया स्वच्छता अभियान

**केटी न्यूज/डुमरांव**




श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंगलवार को डुमरांव नगर परिषद की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छ तीर्थ अभियान की शुरूआत करते हुए नप की टीम ने मां डुमरेजनी मंदिर, मां काली मंदिर व बाबा जंगलीनाथ महादेव मंदिर की विशेष सफाई की। नगर परिषद के अधिकारियों की टीम ने धार्मिक स्थलों, सड़कों, पार्कों, बाजार, कार्यालय आदि स्थानों पर पूर्णतः स्वच्छ तथा प्लास्टिक मुक्त करने का आह्वान किया। यह सफाई अभियान आगामी 21 जनवरी तक चलेगा। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने की शुरूआत की गयी है। इस अभियान में क्षेत्र के पार्षद भी हिस्सा लेंगे। आसपास के क्षेत्रवासियों को भी सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए जागरूक किया जायेगा। शहर में अनेक स्थानों सहित सभी कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में नप की प्रशासनिक टीम के साथ सफाई मित्रों की टीम ने जन सहयोग से शहर में स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया। इओ ने सभी का धन्यवाद प्रकट करते हुए अधिकारियों, सफाई मित्रों व क्षेत्रवासियों को स्वच्छ तीर्थ अभियान के लिए प्रोत्साहित किया। इस अभियान के दौरान नप द्वारा सूखा व गीला कचरा को अलग-अलग डस्टबीनों में डालने की बात कही गयी। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय सहित अन्य पार्षद मौजूद थे।

## मुख्य पार्षद ने लोगों को किया जागरूक

मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता के प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने लोगों को स्वच्छता अभियान का सहभागी बनने के लिए जागरूक किया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को अपनी आदतों में शुमार करने की अपील की और कहा कि शहर का साफ व सुंदर बनाना हर शहरवासी का कर्तव्य है। मुख्य पार्षद ने कहा कि हमें अपने परिवेश तथा सार्वजनिक जगहों की सफाई के प्रति भी संजीदा रहना चाहिए, तभी हमारा शहर स्वच्छ व सुंदर बनेगा। उन्होंने कहा कि 21 जनवरी तक नगर परिषद विशेष सफाई अभियान चला रही है। इसमें लोगों को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में डुमरांव नगर परिषद को देश में पहले पायदान पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लोगों के सहयोग से ही संभव होगा।

## चौसा में भी चलाया गया स्वच्छता अभियान

**चौसा।** स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत मंगलवार को चौसा नगर पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक जगहों की सफाई की गई। यह अभियान 14 से 21 जनवरी तक चलेगा, जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के सभी मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों तथा सड़कों की सफाई के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। मुख्य पार्षद किरण देवी ने चौसा बारे मोड़ से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। यह अभियान बारे मोड़ होते हुए चौसा नरबतपुर गढ़ एवं रानीघाट तक चलाया गया।

## एक नजर

### जदयू की बैठक में कर्पूरी ठाकुर के जन्मशताब्दी समारोह को सफल बनाने पर हुई चर्चा

**डुमरांव।** मंगलवार को डुमरांव नगर व प्रखंड जदयू कार्यकताओं की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता डुमरांव प्रखंड अध्यक्ष अजय चंद लोदी ने व संचालन नगर जदयू अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 24 जनवरी को पटना के वेटनरी कॉलेज में मनाए जाने वाले जननायक कपूर्री ठाकुर के 100 वे जन्मोत्सव पर आयोजित शताब्दी समारोह को सफल बनाने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि कपूर्री ठाकुर एक सच्चे समाजवादी थे तथा वे आजीवन सामंती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाते रहे। नगर अध्यक्ष गोपाल प्रासद गुप्ता ने कहा कि उनकी 100 वी जयंति काफी भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बक्सर जिले से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, नथुनी प्रसाद खरवार, संजय सिंह, धीरज कुशवाहा, विमलेश सिंह, महेंद्र राम, गोरख चौधरी, कमल चौरसिया, बिरेन्द्र सिंह लाला, सोहराब कुरैशी, कृष्णा सिंह, नन्दजी राम, अयोध्या केशरी, उमेश गुप्ता, प्रभु यादव, नन्दलाल कुशवाहा, धर्मशीला देवी, मिथिलेश राय, मिन्टू हॉशमी, सिद्धेश्वर चौधरी आदि उपस्थित थे।

### प्रमुख की जांच में बंद मिला मवेशी अस्पताल

**केसठ।** प्रखंड परिसर स्थित मवेशी अस्पताल में अक्सर कर्मी नदारत रहते है। मंगलवार को प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह ने प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों का जांच किया। जांच के दौरान मवेशी अस्पताल बंद मिला। जिसे देखकर प्रमुख भड़क गए। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ को निर्देश दिया कि सभी कर्मियों से स्पष्टीकरण करते हुए जिला पदाधिकारी को रिपोर्ट भेजे। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख ने बताया कि जांच के दौरान मवेशी अस्पताल के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था और सभी कर्मी नदारत मिले। उन्होंने बताया कि पशुपालकों से शिकायते मिली थी की मवेशी अस्पताल के द्वारा क्षेत्र में टीकाकरण अभियान, दवा वितरण सहित अन्य कोई गतिविधियां नहीं चलाई जाती है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों के शिकायत पर ही जांच की है, जहां अस्पताल बंद मिला।

### केसठ में 22 को निकाली जाएगी श्रीराम रथ यात्रा

**केसठ।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हो गया है। 22 जनवरी को होने वाले मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस कड़ी में प्रखंड के नया बाजार स्थित मां भवानी मंदिर परिसर में मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी मंतोष तुरहा ने की। इस दौरान सर्वसम्मति ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हो रहा है। इस दौरान प्रखंड में भव्य एवं सभ्य श्रीराम रथ यात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी। जिसमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान समेत अन्य देवी देवताओं की झांकी शामिल रहेगी। इसके अलावा शाम में अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में दीपोत्सव कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। मौके पर रतन राउत, नंदजी यादव, मुन्ना यादव, सोनू कुशवाहा, शुभम गुप्ता, राजा गुप्ता, धीरज कुमार, सिंटू कुमार, प्रदीप कुमार, विश्वकर्मा कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### दिलीप पाठक बने बक्सर के उत्पाद अधीक्षक देवेंद्र प्रसाद का किशनगंज तबादला



**बक्सर।** उत्पाद विभाग के अधीक्षक देवेन्द्र प्रसाद का तबादला हो गया है। उनकी जगह दिलीप कुमार पाठक को नया उत्पाद अधीक्षक बनाया गया है। जबकि देवेन्द्र प्रसाद को किशनगंज भेजा गया है। सरकार के उप सचिव निरंजन कुमार ने मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के कुल 34 पदाधिकारियों का फेर बदल किया गया है। जिसमें बक्सर उत्पाद अधीक्षक देवेंद्र प्रसाद को किशनगंज भेजा गया है वही उनकी जगह पर दिलीप कुमार पाठक को बक्सर उत्पाद अधीक्षक बनाया गया है। बता दें कि दिलीप कुमार पाठक पहले से ही बक्सर उत्पाद विभाग में पोस्टेट हैं। जानकारी के अनुसार लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे कर्मियों का तबादला किया गया है। नई जिम्मेवारी मिलने के बाद दिलीप कुमार पाठक ने बताया कि उनका पहला लक्ष्य शराब तस्करी के जीरो टॉलरेंस की नीति को धरातल पर उतारना है।

## खबरें फटाफट

### शीतलहर का कहर जारी, अब 22 जनवरी को खुलेंगे स्कूल

**बक्सर।** जिलें में शीतलहर का प्रकोप जारी है। न्यूनतम तापमान लगातार नीचे गिर रहा है। शीतलहर में बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए डीएम अंशुल अग्रवाल ने एक बार फिर से स्कूलों की छुट्टी बढ़ा दी है। अब सभी निजी व सरकारी विद्यालयों में वर्ग 08 तक शैक्षणिक गतिविधियों के संचालक पर 20 जनवरी तक रोक लगाई गई है। जबकि वर्ग 09 के ऊपर के कक्षाओं का संचालन सुबह 10 बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक संचालित होगा।

### कृषि उपकरणों के 293 परमिट निर्गत

**बक्सर।** कृषि विभाग के बैनर तले मंगलवार को संयुक्त कृषि भवन में कृषि यांत्रिकीकरण योजना अंतर्गत आधुनिक कृषि यंत्रों को अनुदान पर लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कराया गया था। कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए लाभुकों के चयन के लिए मंगलवार को फाईनलाईज्ड आवेदनों की लॉटरी का आयोजन संयुक्त कृषि भवन के सभागार में किया गया। इसमें 276 परमिट, एनएफएसएम योजना में 10 परमिट तथा स्माम योजना में कुल 7 परमिट लॉटरी के माध्यम से निर्गत किया गया है। 293 परमिट द्वारा कुल 53 लाख 26 हजार तीन सौ रुपये व्यय किये जायेंगे।

## सिमरी के बिंदडेरा गांव का मामला, एक घंटे ठप रहा सिमरी भोजपुर पथ पर परिचालन

# शव दफनाने के लिए जमीन नहीं मिलने से नाराज नट समुदाय ने किया सड़क जाम





♦ समरी बीडीओ व थानाध्यक्ष के समझाने व शव दफनाने के लिए जमीन देने के आश्वासन के बाद लोगों ने हटाया जाम

**केटी न्यूज/सिमरी**



मंगलवार को सिमरी थाना क्षेत्र के बिंदडेरा गांव के पास शव दफनाने को ले नट समुदाय के लोगों ने सड़क जाम कर दिया। इस कारण भोपजुर सिमरी पथ पर करीब एक घंटा तक परिचालन ठप रहा। बाद में सिमरी बीडीओ शशिकांत शर्मा व थानाध्यक्ष अमन कुमार के समझाने बुझाने तथा शव दफनाने के लिए जमीन देने के आश्वासन के बाद जाम हटा। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्रशासन उन्हें जमीन मुहैया नहीं करा सका था। जिस कारण उनके फिर से आक्रोशित होने की संभावना बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बिंदडेरा निवासी 50 वर्षीय बहादूर नट की मौत मंगलवार को हो गई। जिसके बाद समुदाय के लोग परंपरा के अनुसार शव दफनाने ले गए। वे लोग नगवां उमेश सिंह के रैयती जमीन में शव दफनाने लगे। रैयतदार को जब इसकी जानकारी हुई, तो उसने अपनी जमीन में शव दफनाने का विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्षों में नोंक झोंक भी हुई। बाद में नट समुदाय के लोग शव को लेकर अपने डेरा के पास आए तथा भोजपुर सिमरी पथ पर शव रख सड़क जाम कर दिए। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाईन लग गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल बीडीओ व थानाध्यक्ष सदल बल मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझा बुझा शांत कराया। बीडीओ शाशिकांत ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्दी ही उन्हें शव दफनाने के लिए जमीन मुहैया करा दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद आक्रोशित लोग शांत हो गए। हालांकि देर शाम तक शव दफनाने के लिए प्रशासन ने जगह उपलब्ध नहीं कराया था। बीडीओ तथा थानाध्यक्ष समुदाय के लोगों तथा आस पास के ग्रामीणों के साथ बैठक कर कोई रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे थे।

**वर्षो से चली आ रही है समस्या:** बता दें कि नट समुदाय में जब किसी की मौत होती है तो शव दफनाने को लेकर बवाल होता है। समुदाय के पास अपना कब्रिस्तान नहीं है। जबकि आस पास में मौजूद अल्पसंख्यक समुदाय के कब्रिस्तान में भी इन लोगों को शव दफन नहीं करने दिया जाता है। वही रैयतदार अपने खेतों में शव दफनाने की इजाजत नहीं देते है। इस कारण समुदाय में किसी की मौत के बाद अक्सर टकराव की नौबत आती है। समुदाय के नंदलाल नट, अवधेश नट, राजेश नट, शिवराज नट सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन को कई बार इसकी जानकारी दी गई है तथा शव दफनाने के लिए स्थायी कब्रिस्तान की व्यवस्था करने की गुहार लगाई गई है। लेकिन शासन प्रशासन के अधिकारी उदासीन बने हुए है। जिससे इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। समुदाय वालों ने कहा कि आखिर वे शव दफनाने कहां जाए।

**क्या कहते हैं बीडीओः** समुदाय के लोगों तथा स्थानीय ग्रामीणों से इस संबंध में वार्ता जारी है। जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाल शव दफनाने की जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। आस पास में सरकारी जमीन नहीं होने से भी समस्या आ रही है। इसके समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

# डुमरांव राजवाहा के टेल एंड पर ओवरफ्लो हुआ पानी, सैकड़ो एकड़ खेत व दर्जनों मकान घिरे





**केटी न्यूज/डुमरांव**

किसानों को जब पटनवन के लिए पानी की जरूरत नहीं है, तब डुमरांव राजवाहा के टेल एंड तक पानी आ गया है। जो किसानों तथा नहर व स्टेशन बाइपास रोड के बीच बने कॉलोनी में रहने वालों के लिए परेशानी का सबव बन गया है। पिछले दो दिनों से जलजमाव के कारण सैकड़ो एकड़ खेत डूब गए हैं, जबकि खिरौली से उत्तर तथा पॉवर सब स्टेशन के बीच बनी नई कॉलोनियों के दर्जनों घर इस पानी से घिर गए है। जिस कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं खेतों में पानी जमा होने से फसल सड़ने का खतरा बना हुआ है। बता दें कि डुमरांव राजवाहा रेलवे लाईन के नीचे से होते हुए पुराना भोजपुर में भोजपुरी नदी से मिलता है। इन दिनों फ्रेट टर्मिनल का काम चल रहा है। जिस कारण नहर का बहाव अवरूद्ध हो गया है। यही कारण है कि टेल एंड पर इसका पानी ओवर फ्लो कर रहा है। इस कारण खिरौली से उत्तर तथा रेवले लाईन के बीच के खेतों तथा मकानों क आस पास पानी जमा हो गया है। पॉवर सब स्टेशन के दक्षिण बनी नई कॉलोनी में घर बनाने वाले संजीव दूबे, मनोज यादव आदि ने बताया कि सोमवार की शाम से ही पानी आने लगा था। मंगलवार को इसका दायरा बढ़ गया है। जिस कारण जलजमाव से स्थिति गंभीर हो सकती है। किसान चंदन यादव, खिरौली के रिंकू चौबे, रॉबिन चौबे आदि ने बताया कि जब खेतों में पानी की जरूरत रहती है तब नहर विभाग टेल एंड तक पानी पहुंचाने में उदासीन बना रहता है। लेकिन अब जरूरत नहीं है तो फसल को बर्बाद करने के लिए पानी छोड़ा जा रहा है।

# चाकूबाजी की शिकार महिला की हालत गंभीर, पांच पर केस दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सोमवार को नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नवाडेरा गांव में शराब तस्करी तथा पीने से रोकने पर तस्करों ने एक परिवार के दो युवकों तथा उनकी मां पर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में जख्मी महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। गंभीर अवस्था में पटना के पीएमसीएच में उसका इलाज चल रहा है। जबकि प्राथमिक इलाज के बाद उसके दोनों बेटों की हालत स्थिर है। इस मामले में घायलों के बयान पर चार सगे भाईयों समेत कुल पांच लोगों को आरोपित किया है।

जिनमें हेमराज चौधरी, राकेश चौधरी, राधेश्याम चौधरी, बब्लू चौधरी चारों पिता प्रभुनाथ चौधरी तथा ओमप्रकाश चौधरी पिता भावनाथ चौधरी शामिल हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। बता दें कि सोमवार को गांव से सटे बधार में कुछ लोग शराब बेच रहे थे, इस दौरान वहां शराब पीने वाले भी आ जा रहे थे। जिसे देख गांव को नशामुक्त बनाने के अभियान से जुड़ा मनीष कुमार नामक युवक अपने मोबाईल से उनके शराब तस्करी करने तथा पीने का विडियो बनाने लगा, जो तस्करों को नागवार गुजरा। तस्करों ने उसे दौड़ा पकड़ लिया तथा उसे लात घूसों से मारने पीटने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही उसका छोटा भाई रामकुमार तथा मां माधुरी देवी बीच बचाव करने पहुंची। तस्करों ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी में माधुरी को गंभीर चोटें आई है। उसके पेट में गहरा जख्म हो गया है तथा रह रहकर बेहोश हो जा रही है। घटना को ले गांव में गुटीय तनाव चरम पर है, लेकिन पुलिस मामले को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है।

## शिक्षा संवाद कार्यक्रम में जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत हुए बच्चे व अभिभावक

# अभिभावकों ने रोजाना अपने बच्चों को स्कूल भेजने का लिया संकल्प

**केटी न्यूज/केसठ**



बिहार सरकार के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से स्कूली बच्चों व आमजनों को अवगत कराने को ले प्रखंड के विभिन्न माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयो में शिक्षा संवाद कार्यमक्रम आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में दूसरे दिन मंगलवार को प्रखंड के उच्च विद्यालय केसठ में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। आयोजित कार्यक्रम एडीएम रश्मि सिन्हा के नेतृत्व में आहूत की गई। संचालन बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने किया। कार्यक्रम के का शुभारंभ पदाधिकारी का शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण और स्वागत कर किया गया। कार्यक्रम में वर्ग नौ से 12 तक के सभी छात्र छात्राएं, अभिभावकों से संवाद स्थापित कर शिक्षा विभाग से जुड़े सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन बच्चों के बेहतर भविष्य, स्वरोजगार, नियोजन, शैक्षिक अभिवृद्धि के बारे में चर्चा करते हुए। अन्य विभिन्न विभागों के संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं बच्चों को होने वालें परेशानी के साथ ही सुझाव, प्रक्रिया व शिकायत प्राप्त की गई। एडीएम ने कहा कि शिक्षा संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा विभाग से संबंधित लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को समुचित जानकारी उपलब्ध कराना है। बीडीओ ने कहा कि योजनाओं की जानकारी नहीं रहने की स्थिति में आए दिन उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा होती है और कभी-कभी उन योजनाओं को लाभ लेने से वंचित भी रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों को समुचित जानकारी प्रदान किया जाए। यह कार्यक्रम जनसंवाद कार्यक्रम के तर्ज पर शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मौके पर बीईओ राजेश राम, बीपीएम सुनील कुमार, बीपीएम जीविका धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार मौजूद थे।






# राजमंगल यादव को हटाने के लिए हुआ था षड़यंत्रः रामगोविंद चौधरी

♦ स्व उपेंद्र यादव, स्व राजमंगल यादव व स्व राजेंद्र पांडेय को दी गई श्रद्धांजलि

**केटी न्यूज/ मनियर**





मैंने यह सोचा नहीं था कि उपेंद्र यादव और राज मंगल यादव हमको छोड़कर चले जाएंगे। जब राजमंगल यादव का एक्सीडेंट हुआ तो उस समय मैं दिल्ली था। ट्रेन और फ्लाइट में टिकट नहीं मिला तो मैं बाईरोड चल दिया और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मुलाकात हुई। यह बातें पूर्व नेता प्रतिपक्ष व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राम गोविंद चौधरी ने मनियर थाना क्षेत्र के पनीचा में मंगलवार को स्वर्गीय उपेंद्र यादव के आवास पर स्व उपेंद्र यादव की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्व उपेंद्र यादव, स्व राज मंगल यादव व स्व राजेंद्र पांडेय को श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि राजमंगल यादव होनहार व मिलनसार लड़का था। मैंने राजमंगल यादव से कहा कि तुम सबको मिलाकर पार्टी चलाओ तो राजमंगल यादव ने कहा कि मंत्री मैं इस्तीफा दे दूंगा, लेकिन कुछ लोगों से मैं बात नहीं करूंगा। राजमंगल यादव को हटाने का खड्यंत्र हुआ। हमसे भी लोगों ने उलाहना दिया कि आप ही राजमंगल को हटवायें क्योंकि आप ही ने उन्हें अध्यक्ष बनवाया है। मैंने कहा कि जब मैं अध्यक्ष बनवाया हूं तो उसे मैं क्यों हटाऊंगा? लेकिन विधि को मंजूर नहीं था भगवान उन्हें अपने ही बुला लिए। राजमंगल यादव एवं उपेंद्र यादव के लिए मेरा जीवन समर्पण रहेगा।

उन्होंने उपेंद्र यादव के परिवार के लोगों को बधाई दिया कि इन लोगों ने उपेंद्र की स्मृतियों के साथ-साथ स्वर्गीय राज मंगल यादव एवं स्वर्गीय राजेंद्र पांडेय की स्मृतियों को भी लोगों तक पहुंचाने का काम किया। इस मौके पर मनियर इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य हरे राम सिंह, सपा बांसडीह विधानसभा अध्यक्ष उदय बहादुर सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, विधायक संग्राम सिंह यादव के सुपुत्र रोहित यादव, शिवजी त्यागी, राज नारायण यादव, शशिकांत चतुर्वेदी ,बीरबल राम, राज नारायण यादव विदेशी लाल यादव सहित आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया ।इस मौके पर स्वर्गीय राज मंगल यादव के सुपुत्र रजनीश यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक यादव , पूर्व शासकीय अधिवक्ता विजय यादव, स्वर्गीय उपेंद्र यादव के सुपुत्र प्रशांत यादव, मनियर सपा ब्लॉक अध्यक्ष रामाशंकर यादव ,धनीराम यादव, दयाशंकर यादव व अन्य मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### शीतलहरी को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र 17 तक रहेंगे बंद

**गाजीपुर।** जिले में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री प्राइमरी स्कूल तीन साल से छह साल के बच्चों के लिए चलाया जाता है। मौजूदा समय में भीषण शीतलहरी को देखते हुए डीएम के आदेश पर 17 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि जनपद के अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल के विद्यालयों में चलते हैं। जिसे पूर्व में जिलाधिकारी के आदेश पर 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन अब एक बार फिर से भीषण शीतलहरी को देखते हुए इस अवकाश को 17 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवकाश के दिनों में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अपने निर्धारित समय से केंद्र पर उपस्थित रहकर शीतकालीन अवधि में विभागीय कार्यों का संपादन करेंगी।

### बलिया में 14 मार्च तक धारा 144 लागू

**बलिया।** कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार की दोपहर आगामी 14 मार्च 2024 तक धारा 144 लागू करने का निर्देश जारी किया है। जिलाधिकारी ने जनपद में प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा परिषद से संबद्ध डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी परीक्षा, गुरु गोविंद सिंह जयंती, बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए शांति भंग की आशंका जताई है। इसलिए नागरिक सुरक्षा सार्वजनिक, शांति व्यवस्था तथा जनजीवन को सामान्य बनाए रखना, मानव जीवन को स्वस्थ रखने एवं खतरों से निवारण करने, बलवा अथवा किसी अन्य दंगों के निवारण के लिए निरोधात्मक उपाय किए जाने की आवश्यकता है। क्योंकि इतना समय नहीं है कि उन पर नोटिस का तामिला किया जा सकें।

### ईवीएम के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**बलिया।** ईवीएम के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा के सदस्यों ने मंगलवार की दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान नारा लगाया कि गली-गली में शोर है, चुनाव आयोग चोर है। इस दौरान सदस्यों ने ईवीएम मशीन से लोकसभा चुनाव न कराने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए बैलेट पेपर से लोकसभा चुनाव कराया जाना चाहिए। संविधान की रक्षा के लिए बैलेट पेपर से चुनाव होना चाहिए। ईवीएम के साथ छेड़छाड़ करके सत्ता में काबिज दल जनता को छलने का काम कर रहे हैं। कहा कि बैलेट पेपर से सही मतदान होता है और मतगणना के दौरान सही गिनती भी देखने को मिलती है। जनता और देश के हित में बैलेट पेपर से मतदान का होना बहुत जरूरी है। आइए सुनते हैं कौशल मेश्राम ने क्या कुछ कहा।

## गाजीपुर जनपद के विभिन्न मंदिरों में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

# प्रभारी मंत्री ने डीएम व सीडीओ के साथ मिलकर मंदिर परिसर में लगाया झाड़ू





**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

पूरे देश में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 14 से 22 जनवरी 2024 तक जनपद में स्वच्छता अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत गाजीपुर जनपद के प्रभारी मंत्री/ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्य एवं पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल ने वराह घाट मंदिर औड़िहार के मंदिर प्रागंण एवं आस-पास में अधिकारियों संग स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और साफ-सफाई की। मंत्री ने मंदिर परिसर में स्वयं झाड़ू एवं फावड़े के साथ उपस्थित होकर साफ-सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और लोगों से अपील की। इस अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, पुलिस अधिक्षक शहर, उपजिलाधिकारी सैदपुर एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### संकट मोचन मंदिर ददरीघाट में हुई साफ-सफाई

**गाजीपुर।** अयोध्या में भगवान राम की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पहले 14 जनवरी से चल रहे स्वच्छता अभियान में मंगलवार को संकट मोचन मंदिर परिसर ददरीघाट पर भाजपा युवा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज सिंह चंचल के नेतृत्व में स्वच्छता का कार्य किया गया। पंकज सिंह ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर पूरे मंदिर को पानी से धोया। उन्होंने कहा कि करीब 500 वर्षों बाद रामलला अपने घर में विराजमान होंगे। इसे लेकर पूरे हिंदू समाज में भारी उत्साह है। पूरा देश श्रीराम मय हो गया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन क्षेत्रीय मंदिरों में भव्य आयोजन किए जा रहे हैं। जिला पंचायत कार्यालय सहित सभी जगहों पर दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के नेतृत्व में मंदिरों में भंडारे का आयोजन भी किया गया है। इसमें महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष साधना राय सभासद शनि चौरसिया, अभिनव सिंह छोटू, कमलेश श्रीवास्तव, शाश्वत सिंह शिशु गौतम, शैलेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, संजीव सिंह, अजय सिंह शास्त्री, पंकज राय, विप्लव आदि मौजूद थे।

### चंदौली एसपी ने 17 उपनिरीक्षकों का कार्य क्षेत्र बदला

**चंदौली।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने के लिए मंगलवार को एसपी डॉ अनिल कुमार ने 17 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर कर दिया। जिसमें जलीलपुर चौकी इंचार्ज दिलीप श्रीवास्तव को सैयदराजा थाना, बलुआ थाना से मनीष कुमार सिंह को जलीलपुर को भेजा गया है। राधा कृष्ण यादव को मझगवां चौकी से थाना कंदवा भेजा गया है। खेदू राम भारती को थाना चकरखट्टा से चौकी मझगवां भेजा गया है। राजेश कुमार राय को थाना बबुरी से चौकी प्रभारी तराजीवनपुर बनाया गया है। गंगाधर मौर्य को तराजीवनपुर चौकी से थाना बबुरी भेजा गया है। धर्मदेव प्रसाद को पुलिस लाइन से थाना सैयदराजा भेजा गया है। सुरेंद्रनाथ को पुलिस लाइन से थाना इलिया भेजा गया है। अरबिंद कुमार सिंह को पुलिस लाइन से थाना कंदवा भेजा गया है। मो.अरशद को पुलिस लाइन से थाना मुगलसराय भेजा गया है। शमशुद्दीन को पुलिस लाइन से थाना सकलडीहा भेजा गया है। गणेश राय को पुलिस लाइन से थाना सकलडीहा भेजा गया है। अमरेश कुमार मिश्र को थाना मुगलसराय से धिना भेज गया है। वही चंदौली थाना पर चार नए उपनिरीक्षकों को भेजा गया है। जिसमें एक पुलिस लाइन जब कि तीन मुगलसराय से तबादला में पहुंचे हैं।

# चोरी के मामले में चार गिरफ्तार बाल अपचारी भी पकड़ा गया



**केटी न्यूज/ बलिया**

चोरी के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने काजीपुरा रेलवे क्रासिंग के पास से मंगलवार की दोपहर एक बाल अपचारी को पकड़ने के साथ ही अन्य चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें आकाश बासफोर निवासी जगदीशपुर पानी टंकी, राजा निवासी उमरगंज, जनार्दन कुमार वर्मा निवासी नया चौक जापलिनगंज व अमित निवासी बेदुआ है। चारों आरोपी बाल अपचारी के साथ गिरोह बनाकर बीते 12 जनवरी को प्रोफेसर कॉलोनी में एक चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसी मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को म्बाल अपचारी को पकड़ने के साथ ही आकाश बासफोर निवासी जगदीशपुर पानी टंकी, राजा निवासी उमरगंज, जनार्दन वर्मा निवासी नया चौक जापलिनगंज व अमित निवासी बेदुआ को गिरफ्तार कर लिया। बाल अपचारी को निरूद्ध करने के साथ ही चार आरोपियों को पुलिस ने संबंधित धाराओं में न्यायालय में चालान कर दिया।

# भारत को विकसित बनाने का लिया संकल्प

**केटी न्यूज/ अलीनगर**



जन चौपाल व विकसित भारत संकल्प यात्रा के तत्वावधान में मंगलवार को क्षेत्र के सैदपुरा व पटपरा गांव में विकसित भारत संकल्प मेला का आयोजन किया गया। संकल्प मेले में मुख्यअतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने भारत को 2047 तक विकसित भारत के लिए ग्रामीणों को संकल्प दिलाया।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है मोदी का सपना है कि 2047 तक देश पूर्ण रूप से विकसित भारत बन सके। इसके लिए गांव के लोगों को आवास, उज्ज्वला योजना, सुकन्या, आयुष्मान घर घर शौचालय,सड़क सहित अन्य योजनाओं को बनाकर गांवों को भी विकसित श्रेणी में लाना है। जिससे विकसित भारत के संकल्प को परिलक्षित किया जा सके। बताया कि योजनाओं को पूर्ण रूप से धरातल पर उतरना हम सभी की जिम्मेदारी है,इसके लिए गांव-गांव में कैंप लगाकर लोगों को इसकी जानकारी दी जा रही है। किसी भी प्रकार कोई लाभार्थी इससे वंचित न रह जाए इसके लिए अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों को लाभ दिला रहे हैं। सरकार की योजना धरातल पर उतारी जा सके इसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य संजय पांडेय, ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र यादव, लेखपाल वीरेंद्र यादव, सप्लाई इंस्पेक्टर अमित द्विवेदी, ग्राम प्रधान कौशल किशोर व बेबी चौहान, प्रधान प्रतिनिधि बलवंत चौहान, वीर प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान सोमेश्वर चौहान सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के बवाडा गांव में बैंड बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# नवनिर्मित काली माता मंदिर में मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**





रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के बवाडा गांव में मंगलवार को नवनिर्मित काली माता मंदिर में मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बैंड बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़े पैमाने पर महिला-पुरूष, बच्चे, सैकड़ों की संख्या में रथ पर मूर्ति को लेकर मंदिर परिसर से होते हुए विभिन्न गांव व मोहल्लों से होते हुए पुनः मन्दिर परिसर पहुंचे, जहां तीर्थ पुरोहितों के द्वारा पूरे विधि विधान व वैदिक मंत्रोचार के जरिए मन्दिर के गर्भगृह में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

शोभा यात्रा में शामिल लोग डीजे के धून पर बज रहे भक्ति गीतों पर थिरकते हुए जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान घोडा, वाहन आदि पर सवार लोग भी साथ चल रहे थे। इस बीच रथ को भव्य तरीके से सजाया गया था, जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा। जगह - जगह लोगों ने रथ को रोककर काली माता मूर्ति की आरती करने के साथ ही स्वेच्छा से दान भी किया। साथ ही शोभायात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें शामिल लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर खुद को धन्य महसूस किया। इस शोभायात्रा में शामिल महिलाएं, युवतियां साथ में कलश भी लिए चल रही थी। इसके पूर्व धार्मिक अनुष्ठानों के बीच तीर्थ पुरोहितों ने पहले कलश पूजन, वास्तु, मंडप व अग्नि पूजन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोंचार से आस-पास का पूरा इलाका गूंजायमान रहा। युवा समाजसेवी धन्नजय सिंह बाचा ने बताया कि यह आयोजन सबके सहयोग से सम्पन्न हुआ है। बताया कि नवनिर्मित मन्दिर में करीब चार फीट ऊंची काली माता की मूर्ति की स्थापना की गई है। बताया कि काली माता पूरे गांव ही नहीं, इलाके की रक्षा करेंगी। इस अवसर पर श्रीप्रकाश सिंह, काशीनाथ यादव, अविनाश, सादानंद प्रजापति, विनय सिंह, ओमप्रकाश यादव, अशोक सिंह, अश्वनी यादव, मंगला यादव, बुलबुल पांडेय, खेदन पांडेय आदि सैकड़ों की संख्या महिला पुरूष मौजूद रहे।

## एक नजर

### कंपनी बनाकर दोस्त को ठगा, कोर्ट के आदेश पर पति-पत्नी पर मुकदमा दर्ज

**बलिया।** शहर के कासिम बाजार चौराहा स्थित पान दुकान संचालन करने वाले संजय चौरसिया पर रॉयल सिंबल रियल एस्टेट एंड एग्रो टेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड सहित कई कंपनी खोलकर करोड़ों रुपया जमा कर भुगतान न करने के मामले में जेल में बंद है। इस मामले में नया मोड़ आया है। संजय चौरसिया की पत्नी हेमलता चौरसिया ने मनोज गुप्ता व उनकी पत्नी पार्वती देवी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। हेमलता ने कोर्ट में आवेदन देकर आरोप लगाया कि मनोज गुप्ता व उनकी पत्नी पार्वती देवी ने होटल संचालन के लिए वर्ष 2011 से 2013 तक विभिन्न तिथियों में 15.31 लाख कर्ज लिया। इसमें से 7.08 लाख लौटा दिए। अब शेष रकम 8.22 लाख वापस नहीं किया। पैसा मांगने पर मनोज गुप्ता ने मेरे पति संजय चौरसिया को बहला फुसलाकर वर्ष 2013 से रॉयल सिंबल रियल एस्टेट एंड एग्रो टेक कॉर्पोरेशन लि. में सह डायरेक्टर बना दिया। कुछ दिनों बाद तीन और कंपनी खोलकर सभी से पैसा जमा करवाने लगे। कंपनी के समूह में करीब 950 सदस्य थे। उपरोक्त कम्पनी के धन से क्रय किया गया रैन बसेरा मकान समूह के सदस्यों को भुगतान के लिए एक करोड़ साठ लाख में 23 फरवरी 2022 को बेचा गया। इसमें दस लाख तीनों सह डायरेक्टर के खाते में एवं शेष एक करोड़ पचास लाख कंपनी के समूह के 800 सदस्यों का भुगतान किया गया। 170 सदस्यों का भुगतान समस्त कम्पनी की देनदारी रह गई है। इस दौरान मैं गंभीर रूप से बीमार हो गई। पति मेरे इलाज में व्यस्त होने के कारण मनोज गुप्ता समूह के सदस्यों का भुगतान न कर सदस्यों द्वारा जमा किया जाने वाला पैसा बैंक में जमा न कर खुद पास रखने लगा। कंपनी का करोड़ों रुपया गबन कर लिया। पति संजय चौरसिया व अन्य सदस्यों द्वारा हिसाब किया गया तो उल्टे पुलिस पर दबाव बनाकर पति संजय, अजय, अर्पित गुप्ता व अखिलेश मिश्रा व मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। अफवाह उड़ा दिया की संजय चौरसिया फरार हो गया।

### प्रकाश पर्व पर निकली भव्य शोभायात्रा



**बलिया।** श्रीगुरु गोविद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार की दोपहर नगर के गुरुद्वारा से पंज प्यारों की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया। सबद-कीर्तन करते हुए अनुयायियों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान भक्तों ने निःस्वार्थ भाव से पीड़ित समाज की सेवा का संकल्प लिया। गुरुद्वारा से दोपहर 1 बजे शोभायात्रा निकलकर कासिम बाजार, टाउनहाल रोड, स्टेशन चौक रोड होते हुए निर्धारित मार्ग से वापस गुरुद्वारा पहुंची। इस दौरान समाज की महिलाएं शोभायात्रा के मार्ग पर झाड़ू व पानी से सफाई करती रहीं। इस दौरान करतबबाजों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। 'बोले सो निहाल, सतश्री आकाल', 'राज करेगा खालसा, आकी रहे न कोय' तथा 'सो क्यों मंदा आखिये, जिवत जन्म राजान' जैसे नारों से भक्तजनों का जत्था पूरे नगर को गुंजायमान कर रहा था।

### एसबीआई ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र को भेंट की व्हील चेयर



**चंदौली।** भारतीय स्टेट बैंक की ओर से महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र, वाराणसी को व्हील चेयर भेंट किया। भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक धीरज कुमार ने कैंसर केंद्र के उप निदेशक डॉ. बी. के. मिश्रा, मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. आकाश आनंद, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बीरेश चौबे की उपस्थिति में व्हील चेयर सौंपी। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक धीरज कुमार ने कहा कि बैंक इस प्रकार के सामाजिक उत्तरदायित्व को बहुत ही गंभीरता के साथ अनुपालन करता है। उन्होंने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र, वाराणसी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधा की सराहना की। कैंसर केंद्र को बैंक द्वारा यथा संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।




